श्री.

श्रीरघुनाथोजयति

खड्गाभ्यासः

सोर्ड एक्सरसाइज़

अर्थात् तलवार की कवाइद

स्वस्तिश्रीमन्महाराजाधिराजजम्बूकाश्मीराद्यने-
कदेशाधिपतिप्रभुवरश्रीयुतश्री ५ महाराजासा-
हबबहादुर जी की आज्ञानुसार

द्वारकानाथोपाध्यायने युद्ध संबंधी संपूर्ण
लोगों के उपकार के लिये सरल हिंदी भा-
षामें अनुवाद किया

जंबू

विद्याविलासनामकयंत्रालयमें बकशीह
लछमनजीके अधिकारमें मुद्रित भया
संवत् १९१९ फाल्गुण प्रविष्ट २५ शुभम्

अभ्यासस्थल पर चांदमारी के उपयोग के प्रकार का निर्देशन

चित्रके खचितन रेखाओं से तत्कालीन क्रिया जानी जाती है

ग्रन्थ के प्राथमिक अभ्यासों के चित्र ॥

पहिली स्थिति: | दोक्रियासे द्वितीयस्थिति: | तोलन क्रिया | पहिली स्थिति:

दोक्रियासे तृतीय स्थिति: | द्वितीय व्यायाम क्रिया

श्री

श्रीगणेशायनमोनमः

पदाति सैन्य संबंधी खड्गाभ्यासः

इन्फेन्ट्री सोर्ड एक्सर्साईज़

अर्थात् पैदल सिपाहियों की तलवार की कवाइद

प्राथमिक वर्णन के विषय में

रवेड़ संबंधी मनुष्यों के तैयार करने के वास्ते यथोलिखित शिक्षा अत्यंत निश्चित और शीघ्र तम उपाय है और शिक्षक को यह बात स्पष्ट रूप से समझना चाहिये कि जब नूतन भट रवेड़ के साथ अथवा रवेड़ के बिना अपने सिद्ध वारकी और शिक्षा के अभ्यास में पूर्ण हो जावें तब उन को प्रत्युत्यं प्रतिपाद्य यथार्थ क्रमका स्मरण रखना कुछ आवश्यक नहीं और जिसस्थलमें प्रत्येक **प्रहार कट वेथन** पाइन्ट और **प्ररक्षण पेरी** दिखलाये जाते हैं उस जगह यदि **परीक्षाभ्यास** रिव्यूपकसर्साईज़ अर्थात् अलामा की कवाइद में अच्छी तरह निपुण होवें तो उन का पुनः कथन भी अनावश्यक है और रवेड़ संबंधी पुरुष को प्रत्येक में ऐसा अभ्यस्त होना चाहिये कि जिस में भिन्न २ प्रत्येक को और शिक्षक की इच्छा के अनुसार मिश्रित रूप से भी करने के योग्य होवें ॥ ॥ ॥

१-पहिला प्रकरण

व्यायामक्रिया और स्थितियों के वर्णन के विषय में

इन क्रिया ओं के द्वारा छाती फैलती है सिर उठता है कंधे पीछे की ओर होते हैं और पृष्ठ की मांस पेशियां प्रबल होती हैं ॥ ॥ ॥

जब **गुल्म स्क्वाड सावधानाः** अटेन्शन् पर रहता हैं तब यथोलिखित सूचना दी जाती है ॥

प्रथम व्यायाम क्रिया ॥

फर्सट एकस् टेन्शन् मोशन् ॥

अर्थात् पहिली व्यायाम क्रिया करो

एकम् वन् एक

एकम् वन् अर्थात् एक की आज्ञा पर हस्त बाहु और कंधों को सामने लाओ अंगुलियां मृदुरूप से अग्रभाग में मिली रहें नख नीचे की ओर रहें इस के बाद उन बाहुओं को मण्डल रूप से सिर के ऊपर अच्छी तरह उठाओ और अंगुलियों के अन्त तब भी मिले रहें अंगुठे पीछे की ओर रहें केहुनियां पीछे की ओर दबी रहें कंधे नीचे को रहें॥

द्वे टू दो

द्वे-टू- अर्थात् दो की आज्ञा पर बाहुओं और अंगुलियों को झटका के द्वारा ऊपर की ओर पृथक् करके तिर्यग् रूप से उन को नीचे तब तक दबाओ कि जब तक वे विस्तृत रूप से कंधों के बराबर पंक्ति में न होवें और तिस के बाद उस जगह से उन को क्रमशः उन के स्वाभाविक स्थिति

सावधानः अटेन्शन् पर लाओ छाती और गले को संभवानुसार ऊपर रखने के वास्ते प्रयत्न करो॥

त्रीणि थ्री तीन

त्रीणि-थ्री- अर्थात् तीन की आज्ञा पर हाथों की हथेलियों को सामने फेरो और बाहुओं के विस्तार द्वारा अंगुठों को पीछे दबाओ और तद उन को पीछे की ओर तब तक उठाओ कि जब तक वे सिर के ऊपर न मिल जावें अंगुलियां ऊपर की ओर रहें अंगुठे गठे हुये जिन में बायां सामने को रहे॥

चत्वारि फोर अर्थात् चार की आज्ञा पर बाहु

प्राथमिक वर्णन के विषय में

खड्ग संबंधी मनुष्यों के तैयार करने के वास्ते यथोलिखित शिक्षा अत्यंत निश्चित और शीघ्रतम उपाय है और शिक्षकों को यह बात स्पष्ट रूप से समझना चाहिये कि जब नूतन भट खड्ग के साथ अथवा खड्ग के बिना अपने सिद्ध वारके और शिक्षा के अभ्यास में पूर्ण हो जावें तब उन को पत्र दृश्य प्रतिपाद्य यथार्थ क्रमका स्मरण रखना कुछ आवश्यक नहीं और जिसस्थलमें प्रत्येक **प्रहार कट** **वेधन** पाइन्ट और **प्ररक्षण** **पेरी** दिखलाये जाते हैं उस जगह यदि **परीक्षाभ्यास** रिव्यूपकसर्साईज़ अर्थात् असलीमा की कवाइद में अच्छी तरह निपुण होवें तो उन का पुनः कथन भी अनावश्यक है और खड्ग संबंधी पुरुष को प्रत्येक में ऐसा अभ्यस्त होना चाहिये कि जिस में भिन्न २ प्रत्येक को और शिक्षक की इच्छा के अनुसार मिश्रित रूप से भी करने के योग्य होवें ॥ ॥ ॥

१-पहिला प्रकरण

व्यायामक्रिया और स्थितियों के वर्णन के विषय में

इन क्रिया ओं के द्वारा छाती फैलती है सिर उठता है कंधे पीछे की ओर होते हैं और पृष्ठ की मांस पेशियां प्रबल होती हैं ॥ ॥ ॥

जब **गुल्म** **स्वाड** **सावधानाः** अटेन्शन् पर रहता हैं तब यथोलिखित सूचना दी जाती है ॥

प्रथम व्यायाम क्रिया ॥

फर्सट एक्स् टेन्शन् मोशन् ॥

अर्थात् पहिली व्यायाम क्रिया करो

एकम् वन् एक	एकम् वन् अर्थात् एक की आज्ञा पर हस्त बाहु और कंधों को सामने लाओ अंगुलियां मुड़ेहुए से अग्रभाग में मिली रहें नख नीचे की ओर रहें इस के बाद उन बाहुओं को मण्डल रूप से सिरके ऊपर अच्छी तरह उठाओ और अंगुलियों के प्रान्त तब भी मिले रहें अंगुठे पीछे की ओर रहें के हुनियां पीछे की ओर दबी रहें कंधे नीचे को रहें॥
द्वे टू दो	द्वे—टू—अर्थात् दो की आज्ञा पर बाहुओं और अंगुलियों को फटका के द्वारा ऊपर की ओर पृथक् करके तिर्यग् रूप से उन को नीचे तब तक दबाओ कि जब तक वे विस्तृत रूप से कंधों के बराबर पंक्ति में न होवें और तिस के बाद उस जगह से उन को क्रमशः उन के प्राथमिक स्थिति॥ सावधानः अटेन्शन् पर लाओ छाती औ गले को संभवानुसार ऊपर रखने के वास्ते प्रयत्न करो॥
त्रीणि थ्री तीन	त्रीणि—थ्री—अर्थात् तीन की आज्ञा पर हाथोंकी हथेलियों को सामने फेरो और बाहुओं के विस्तार द्वारा अंगुठों को पीछे दबाओ और तद उन की पीछे की ओर तब तक उठाओ कि जब तक वे सिर के ऊपर न मिल जावें अंगुलियां ऊपर की ओर रहें अंगुठे गठे हुये तिन में बायां सामने को रहें॥

चत्वारि फोर अर्थात् चारकी आज्ञा पर बाहु

चत्वारि फोर चार	ओं और घुटनों को सीधे रख के नीचे की ओर त ब तक झुको कि जब तक हस्तों के द्वारा पाद न छू जावें और सिरको भी उसी दिशा में लाओ तिस के बाद बाहुओं को सामने की ओर उठा के तृती क्रिया थर्ड मोशन् ग्रहण करो ॥
पंच फ़ाइव पांच	पंच- फ़ाइव अर्थात् पांच की आज्ञा पर द्वि तीयक्रिया सेकन्ड मोशन् के अनुसार सावधानाः अटेन्शन्कीस्थिति ग्रहण करो ॥

ये संपूर्ण क्रिया धीरे २ करनी चाहिये कि जिसमें मांश पेशियों भर में आयास पहुंचे द्वितीय और तृतीय क्रियाक भी २ सिरको संभवानुसार दहिनी अथवा बाईं ओर फेर कर के भी करनी चाहिये ये संपूर्ण क्रिया बिना विराम और भिन्न २ आज्ञावाक्यों के भी करना उचित है कि जिसमें परस्पर सहायता मिले और कभी २ पृथक् २ रूप से भी करनी चाहिये ॥

क्रिया त्रयेण प्रथम स्थितिः

फर्स्ट पोजिशन् इन् थ्री मोशन्स्

अर्थात् तीन क्रिया के द्वारा प्रथम स्थिति ग्रहण करो

एकं वन् एक	एकम् वन् अर्थात् एक की आज्ञा पर दोनो हाथों को झट पट पिछाड़ी लेजाओ वाम हस्त से दहिने बांह की केहुनी के ऊपर पकड़ो और दहिने हाथ से बायें की केहुनी के नीचे थाहो ॥

हे टू दो — हे टू अर्थात् दो की आज्ञा पर पड़ियों के द्वारा घूम के बायें को आधा अर्थात् अर्द्धमुख हाफ फेस हो जाओ कि जिस में बांई पड़ी की पीठ दहिनी पड़ी के भीतर लगे सिर सामने की ओर अपनी ही स्थिति को ग्रहण किये रहे ॥

थ्रीण थ्री तीन — थ्रीण थ्री अर्थात् तीन की आज्ञा पर दहिनी पड़ी को बांई पड़ी के सामने लाओ पाद सम-कोण रूप से होवें दक्षिण पाद सामने को होवे और शरीर का बोझ बांई टङरी पर रहै ॥

क्रिया द्वयेन द्वितीय स्थितिः

सेकन्ड पोजिशन् इन् टू मोशन्स्

अर्थात् दो क्रिया के द्वारा द्वितीय स्थिति ग्रहण करो

पकम वन् एक — पकम वन् अर्थात् एक की आज्ञा पर घुटनों को क्रमशः झुकाओ परंतु जहां तक हो सके वहां तक उन को जुदा २ रक्खो पड़ियां न उठने पावें अथवा शरीर की कड़ी स्थिति न परिवर्तित होने पावे ॥

हे-टू दो — हे टू अर्थात् दो की आज्ञा पर दक्षिण पाद से बांई पड़ी के बराबर फट पट अठारह इंच के लगभग का कदम लो शरीर का बोझ बाईं टङरी पर रहे दहिना घुटना ढीला और नमनीय रहे ॥

तोलन क्रिया

बालन्स् मोशन्स्

अर्थात् पाद तोलने की क्रिया करो

एकम् वन् एक — **एकम्** वन् अर्थात् एक की आज्ञापर दहिण पाद को आठ इंच के लग भग बाईं एड़ी के पीछे लेजाओ अंगुठा धीरे से भूमि को छुवे रहे एड़ी खड़ी रहे घुटने अच्छी तरह जुदे २ रहें॥

द्वे टू - दो — **द्वे** टू अर्थात् दो की आज्ञा परबाईं टङरी के विस्तार द्वारा शरीर को क्रमशः उठाओ॥

त्रीणि थ्री तीन — **त्रीणि** थ्री अर्थात् तीन की आज्ञा पर बायें घुटने को झुका के **द्वितीय क्रिया** सेकंड मोशन्स् के एवं स्थिति को ग्रहण करो॥

चत्वारि फोर चार — **चत्वारि** फोर अर्थात् चारकी आज्ञा पर दहिनी टङरी को आगे बढ़ाओ और पैर को धीरे से पट को इस के बाद उस द्वितीय स्थिति सेकन्ड् पोजिशन् को ग्रहण करो कि जिस से **तोलन क्रिया** बालन्स् मोशन्स् प्रारंभ हुई थी॥

प्रथम स्थितिः फर्स्ट पोजिशन् अर्थात् प्रथम स्थितिः ग्रहण करो की आज्ञा पर दोनों घुटनों को बढ़ाओ दहिनी एड़ी को बाईं एड़ी के पास लाओ॥

क्रियाद्वयेन तृतीयस्थितिः

थर्ड पोजिशन् इन् टू मोशन्स्
अर्थात् दो क्रिया के द्वारा तिसरी स्थितिग्रहण करो.

एकम् वन् एक	एकम् वन् अर्थात् एक की आज्ञा पर द-क्षिण पार्श्व को सामने की ओर इस तरह घुमा-ओ कि जिस में कंधा और घुटना पाद के मध्य भाग के ऊपर बराबर होवें शरीर तनी हुई रहे ॥
हे टू दो	हे टू अर्थात् दो की आज्ञा पर झट पट साम-ने की ओर छत्तीस इंच के लग भग का कदम ल्यो घुटना अंतः पाद के ऊपर बराबर रहे बा-यां घुटना और पाद सीधे और दृढ़ रहें परिध्यें एक रेखा में होवें शरीर सीधी रहे और कंधे बांई ओर बराबर रहें ॥

द्वितीय व्यायाम क्रिया

सेकन्ड् एकस्टेन्शन् मोशन्
अर्थात् दूसरी व्यायाम क्रिया करो

एकं	एकम् वन् अर्थात् एक की आज्ञा पर बाहुओं को शरीर के सामने लाओ हाथ बंद अं-गुलिपर्व ऊपर की ओर और कोट के निचले बुटाम के नीचे परस्पर स्पर्श किये हुये रहें तब उन हाथों को क्रमशः तब तक उठाओ कि जब तक कलाईयां भीतर की ओर करने से छाती को न छुवे केहुनियां ऊपर की ओर
वन्	रहें तिसके बाद कंधों को जोर से पीछे की

एक — और दवा के हाथों को जुदा २ करो और केहु-नियों को दबाके इस क्रिया को समाप्त करो और अब बाजुओं और अंगुलियों को झट पट तिर्यग रेखा में करो दक्षिण कलाई सिर के बराबर ऊंची रहे कंधे नीचे रहें अंगुठे दक्षिनी ओर झुके रहें॥

नवीन सिपाहियों को यह क्रिया विभाग करके सिखलानी चाहिये अर्थात् इस क्रिया के प्रथम अंशके वास्ते **सजन** प्रिपेअर अर्थात् तैयार हो यह आज्ञा देनी चाहिये इस आज्ञा पर हाथों को छाती तक लाके उनको जुदा करने के वास्ते पूर्ण रूप से तैयार रहना चाहिये और जब **एकम्** वन् अर्थात् एक की आज्ञा दी दी जावे तब उस क्रिया को समाप्त करनी चाहिये॥

हे-तू-दो — **हे** तू अर्थात् दो की आज्ञा पर दहिनी टङरी को फैला के शरीर को उठाओ॥

त्रीणि थ्री तीन — **त्रीणि** थ्री अर्थात् तीन की आज्ञा पर दहिने घुटने को झुकाओ और शरीर को इस तरह बढ़ाओ कि जिस में **प्रथम क्रिया** फर्स्ट मोशन् गृहीत होवे॥

प्रथम स्थितिः फर्स्ट पोजिशन् अर्थात् प्रथम स्थिति ग्रहण करो की आज्ञा पर इस तरह उछलो कि जिसमें बाऊं पीछे हो जावें और दहिनी एड़ी बाईं एड़ी से मिलजावे कि जिस में पूर्वोक्त अनुसार **प्रथम स्थिति**

फर्स्ट पोजिशन् गृहीत होवे ॥

सम्मुखे प्रएर अर्थात् सामने हो की आज्ञा पर भट पट सावधाना:अटेन्शन् की स्थिति पर आओ और हाथ पादों को एकही क्रिया में अपनी २ उचित जगह पर लाओ ॥

पूर्वोक्त शिक्षाओं में जो स्थितियां पोजिशन्स् और गतियां मूवमेन्ट्स् भिन्न २ प्रत्येक क्रियाओं के वास्ते भिन्न २ आज्ञा वाक्यों के द्वारा वर्णित हुई हैं वे खड्ग प्रयोग की तैयारी के वास्ते कही गई हैं अब वे ही स्थितियां इस तरह से की जावें गी कि आज्ञावाक्य में केवल अपेक्षित स्थिति का नाम निर्देश किया जावे कि जिस में नवीन सिपाही लोग शरीर की डौल बिगाड़े बिना शीघ्रगति क्किटाइम् में दृढ़ता पूर्वक स्थिति परिवर्तन करने का अभ्यास सीखें उन के भेद के वास्ते आज्ञावाक्य केवल प्रथम: द्वितीय: तृतीय: फर्स्ट सेकंड थर्ड ये देनी चाहिये

स्थितियों के वर्णन के विषय में

प्रथम: फर्स्ट अर्थात् प्रथम की आज्ञा पर बाहुओं को पीछे की ओर उठाओ दहिनी एड़ी सामने रहे तिसके बाद एकबारगी प्रथम स्थिति: फर्स्ट पोजिशन् पर आओ ॥

द्वितीय: सेकन्ड अर्थात् दो इस आज्ञा पर द्वितीयस्थिति: सेकंड पोजिशन् पर आओ ॥

तृतीय: थर्ड अर्थात् तीन की आज्ञा पर तृतीयस्थिति: थर्ड पोजिशन् पर आओ ॥

प्रथम: फर्स्ट अर्थात् प्रथम की आज्ञा पर प्रथम स्थिति: फर्स्ट पोजिशन्स् पर आओ ॥

द्वितीय: सेकन्ड अर्थात् द्वितीय की आज्ञा पर द्वितीयस्थिति: सेकन्ड पोजिशन् पर आओ ॥

तृतीयः थर्ड अर्थात् तीन की आज्ञा पर तृतीयस्थितिः थर्ड पोजिशनस् पर आओ ॥

द्वितीयः सेकन्ड अर्थात् द्वितीय की आज्ञा पर द्वितीयस्थितिः सेकन्डपोजिशनस् पर आओ ॥

एकाक्रमणम्

सिंगिल् अटैक्

अर्थात् एक वार आक्रम करो

इस आज्ञा पर दक्षिण पाद को उठाओ और झट पट भूमि पर पट को

द्विगुणाक्रमणम्

डबल् अटैक्

अर्थात् दो वार आक्रमण करो

इस आज्ञा पर दक्षिण पाद को पूर्ववत् उठाओ और दो बार भूमि पर पट को अर्थात् पहिली वार एड़ी को पट को और अब पंजे को ॥

प्रसरन

एडवान्स्

अर्थात् आगे बढ़ो

इस आज्ञा पर दक्षिण पाद को छ इंच के लग भग के बराबर आगे बढ़ाओ और झट पट भूमि पर रक्खो तिस के बाद वाम पाद को भी धीरे से उतने ही अंतर के लग भग पर लाओ ॥

एकाक्रमणम्

सिंगिल् अटैक्

अर्थात् एक वार आक्रमण करो

इस आज्ञा पर पूर्ववत् काम करना चाहिये ॥

अपक्रमन

रिटायर

अर्थात् पीछे हटो

इस आज्ञा पर वाम पाद को छ इंच के लग भग के बराबर धी-
रे से पीछे हटाओ शरीर का भार और तौल बराबर इसी पर
रहना चाहिये इस के बाद दक्षिण पाद को पीछे की ओर उ-
तने ही अंतर पर लाओ और फट पट भूमि पर रक्खो॥

द्विगुण क्रमणम्

डबल् अटैक

अर्थात् दो वार आक्रमण करो

इस आज्ञा पर पूर्वोक्त प्रकार से काम करना चाहिये॥

सम्मुखे

फ्रण्ट

अर्थात् सामने हो

इस आज्ञा पर **सावधानाः अटेनशन्** अर्थात् सावधान-
ता की स्थिति को ग्रहण करो॥

खड्ग प्रयोग की तैयारी के निमित्त स्थिति और क्रियाओं की शि-
क्षा के एवं पूर्वोक्त विषय का प्रयोजन यह है कि जिस में अ-
वयवों के द्वारा स्वतंत्रता और चतुराई के कार्य हो सकें
क्यों कि यदि मांसपेशीय शक्ति के बल का अत्युत्तम प्रकार
से प्रयोग करने का ज्ञान होवेगा तो उन के पूर्ण आज्ञा वा-
क्य के द्वारा खड्ग प्रयोग सुगम और अधिक फलोत्पादक
होवेगा और इस के सेवाय **प्रहार कट** और **रक्षण
गार्ड** में भी उचित फल उत्पन्न कर सकेंगे और नवीन
सिपाहियों को अपनी स्थिति में **आक्रमण अटाक** और
रक्षण डिफेनस् के वास्ते बल संबंधी जो नमनीयता
अपेक्षित होती है उस नमनीयता को वे लोग सुगमता पूर्-
वक प्राप्त करने के योग्य होते हैं॥

शिक्षक को चाहिये कि स्थितियों की दृढ़ता के वास्ते प्रत्येक स्थितियों में नवीन सिपाहियों के कंधों को बराबर और दृढ़ रक्खे **द्वितीयस्थितिः सेकन्ड पोजिशन् और तोलन क्रिया** बेलन्स मोशन्स संबंधी निर्माण के परिवर्तनों में और जब **द्वितीय व्यायाम क्रिया सेकन्ड एक्सटेन्शन्मोशन्** की प्रथम स्थिति में रहते हैं तब भी दोनो हाथों से दहिनी कलाई को पकड़ के उस को बांई टङ्गी की दिशा में इस तरह लावे कि जिस में यदि दक्षिण बाहु उचित रूप से स्थापित होवे तो वह उस के बराबर होवे और प्रत्येक स्थितियों में नवीन सिपाही के शरीर को आघात देने के विना अंगुष्ठ उठाना और भूमि पर रखना भी सिखलाना चाहिये शरीर तुलित रूप से रहे और बोझ बांई टङ्गी पर रहे कि जिसमें दहिनी टङ्गी के द्वारा शत्रु के अंतर को प्राप्त कर सके अथवा उसके पहुंच से अपक्रमण कर सके **तृतीय स्थितिः थर्ड पोजिशन्** में सामने की ओर दहिनी टङ्गी करने के वास्ते निश्चित लंबाई नहीं नियत हो सकती क्यों कि यह विषय उस पुरुष की लंबाई और उस के आधीन है परंतु इतना लंबा कदम न लेना चाहिये कि जिस में उस की शीघ्रता और पूर्ण सुगमता से **प्रथम** अथवा **द्वितीयस्थितिः फर्स्ट आर सेकन्ड पोजिशन्** प्राप्त हो स के ॥

जब इस प्रकरण की शिक्षा केवल अवयवों की शिक्षा निमित्त अभ्यस्त हो चुके तब यह शिक्षा वाम कंध और वाम पाद के द्वारा सामने की ओर और इसी तरह दहिने कंधे और दहिने पाद के द्वारा सामने की ओर करना चाहिये ॥

२-दूसरा प्रकरण

खड्ग के साथ सज्ज होने की शिक्षा का वर्णन

चांदमारी के प्रयोजन और वर्णन के विषय में ॥

खड्ग के साथ वक्ष्यमाण शिक्षा चांदमारी के अनुसार होनी चाहिये और वह चांदमारी इस तरह से स्थापित होती है कि जिस में उसका केंद्र मनुष्य की छाती के बराबर उंचा रहे और चांदमारी के केंद्र के नीचे से एक रेखा भूमिपर सामने की ओर सीधी खींची जावे जिस के बाद उस चांदमारी से १-फुट के अंतर पर नवीन सिपाही को **सावधानाः अटेनशन्** की स्थिति पर कर के इस तरह से खड़ा करना चाहिये कि जिस में उसकी बांई एड़ी उस रेखा पर इस तरह से रहे कि जिस में जब वह **प्रथमस्थितिः फर्स्ट पोजिशन्** पर फिरे तब उस का दक्षिण पाद उस को आच्छादन कर लेवे इस ग्रंथ के आदि में जो गोला कार चिन्ह लगा है उस से सात **प्रहार कट और रक्षण गार्ड** मालुम होते हैं **प्रहार कट** केंद्र से किये गये हैं और रेखाओं के द्वारा पहिचाने जाते हैं और उन के नाम उस संख्या के अनुसार रक्खे गये हैं जिससे कि प्रत्येक **प्रहार कट** आरंभ होते हैं ॥

रक्षण गार्ड प्रहारों के सामने प्रवण रूप खड्ग पकड़ने से होते हैं और वे रक्षण उन चिह्नित रेखाओं के द्वारा मालुम होते हैं जिनमें कि खड्ग की मुठियां लगी हुई हैं अब अनुमान करो कि वह गोलाकार चिन्ह मनुष्य की उंचाई के लग भग पर है तो वे प्रहार और रक्षण उस चिन्ह को

निर्दिष्ट रेखाओं के अनुसार नियमित किये जावेंगे और जब तक नवीन सिपाही प्रहारों की उचित दिशा और इसी तरह फल की प्रबलता और रक्षण करने में कलाई की स्थिति को अच्छी तरह न जान लेवे तब तक इस प्रकार को छोड़ कर और किसी प्रकार से उस को न सिखलाना चाहिये ॥

वेधन पाइन्ट अर्थात् कोंच उस तरह करना चाहिये जैसा कि चांद मारी में दिखलाया गया है और इन वेधनों में से **प्रथम वेधन पाइन्ट** में कलाई प्रथम संख्याक की ओर होती है और खड्ग की धारा ऊपर दहिनी ओर होती है द्वितीय **वेधन पाइन्ट** में कलाई द्वितीय संख्याक की ओर होती है और धारा ऊपर बांई ओर होती है तृतीय **वेधन पाइन्ट** में कलाई केंद्र में उठी हुई और धारा ऊपर दहिनी ओर होती है और वेधन उस प्रकार से करना चाहिये जैसा कि वृत्त रूप चित्र के अंतपर चिह्नित है ॥

चांद मारी में चित्रों के कटी हुई रेखा ओं के द्वारा तैयारी की स्थिति यां मालुम होती हैं ॥

चांदमारी की **परीक्षाभ्यासरिव्यूपकसर्साइज़** अर्थात् अलीमा में **प्रहार कट रक्षण गार्ड** और **प्रत्याक्षेपी** की ऊंचाई के निमित्त शिक्षकों के वास्ते पथदर्शक होती है क्यों कि नवीन सिपाही को यह बात स्पष्ट रूप से समझना चाहिये कि चांद मारी के द्वारा केवल यह बात मालुम होती है कि **प्रहार कट** प्रभृति को किस तरह करना चाहिये अर्थात् यह बात ठीक २ नहीं मालुम होती कि प्रहार प्रभृति किस जगह करना चाहिये क्यों कि यह बात परस्पर आक्रमण करने वाले दलों के कार्य के आधीन है जैसा कि प्रथम तृतीय और पंचम

प्रहार कट बांई ओर शिर से ले पाद तक अनेक अवयवों पर दिये जा सकते हैं और इसी तरह द्वितीय चतुर्थ और षष्ठ प्रहार भी दहिनी ओर दिये जा सकते हैं इन दोनों पार्श्वों के प्रहारों में से प्रथ पार्श्वीय अर्थात् वामपार्श्वीय प्रहार **अंतःपार्श्वीय प्रहार** इनसाइड कट कहलाते हैं और द्वितीय अर्थात् दक्षिण पार्श्वीय प्रहार **बहिःपार्श्वीयप्रहार** औट साइड कट कहलाते हैं प्रथम तृतीय और पंचम उसके अनुकूल **अंतःपार्श्वीय रक्षण** इनसाइड गार्ड कहलाते हैं द्वितीय चतुर्थ और षष्ठ **बहिःपार्श्वीय रक्षण** औट साइड गार्ड कहलाते हैं जब चांद मारी के सम्मुख स्थित होने का विषय नवीन सिपाही के मन में अच्छी तरह बैठ जावे तब उसको चांद मारी के सम्मुख अधिक अभ्यास करने का कुछ प्रयोजन नहीं परंतु शिक्षक को यह बात विचार लेना चाहिये कि यह यथार्थ रूप से **रक्षण गार्ड** के करने में और **प्रहारकट** करने में धार की उचित दिशा देने में निश्चित परिपक्व भया कि नहीं॥

एक ही समय में अनेक नूतन भटों की शिक्षा के वास्ते आभ्यंतरीय रेखाओं के सहित इस ग्रंथ के चांद मारी के चित्र के इसकी प्रतिकृति अभ्यास की जगहों में बनानी चाहिये उनके केंद्र भूमि से चार २ फुट ऊंचे रहें और उनका व्यास चौदह इंच रहे॥

प्रहार कट रक्षण गार्ड बेधन पाइन्ट प्र-
रक्षण पेरी के वर्णन के विषय में

यह काम पहिले पेदल और चांदमारी के सम्मुख करना चाहिये ॥

जब नूतन भट तैयारी की क्रियाओं में अच्छी तरह निपुण हो

जावें तब उन को खड्ग ले के उस के प्रबल और दुर्बल भाग से परिचित होना चाहिये खड्ग का प्रबल अर्द्धभाग वह है जो कि मुठिया की ओर रहता है दुर्बल अर्द्ध भाग वह है जो कि नोक की ओर रहता है **प्रहार कट** करने अथवा रोकने के वास्ते इन भेदों का ज्ञान बहुत आवश्यक है क्यों कि ये बातें उन के उचित प्रयोग के आधीन हैं मुठिया से ऊपर की ओर शत्रु के फल को रोकने के वास्ते रक्षण बल क्रमशः घटता है क्यों कि **प्रहार कट** नोक की ओर से होता है और प्रहार करने में नोक से नीचे की ओर यह बढ़ता है खड्ग के प्रबल भाग को चाहिये कि शत्रु के शस्त्र के दुर्बल भाग को प्राप्त करे और **प्रहार कट** नोक के आठ इंच के भीतर से देना चाहिये कि जिस में खड्ग आप निकल आवे **प्रहार** कट करने में यह बात लाभ कारक होती है कि खड्ग का प्रबल भाग शत्रु के दुर्बल भाग से टक्कर खावे कि जिस में उस का रक्षण दब जावें॥

खड्ग निष्कासयत

ड्रा सोर्ड्स

अर्थात् तलवारें निकालो

इस आज्ञा पर बायें हाथ से खड्ग के मियान को ठीक २ मुठिया के नीचे पकड़ो और तद उस को कटि की उचाई के बराबर ऊंची करो तिस के बाद झट पट दहिने हस्त को शरीर के पा[illegible] लाकर मुठिया को पकड़ो और उसी समय उस को पीछे की ओर फेरदो और उस हस्त को केहुनि की उचाई के बराबर ऊंचा करो बांह शरीर से लगी रहे इस के बाद दूसरी **क्रिया मोशन्** के द्वारा हस्त के विस्तार से मियान में से खड्ग को निकालो यार पीछे की ओर रहे और तद उस हस्त को तब तक

नीचे करो कि जब तक मुठिया ठीक २ ठुड्डी के नीचे न होवे फल
लंब रूप से रहे धार बाईं ओर रहे अंगुष्ठ मुठिया के पार्श्व पर
फैला रहे केहुनी शरीर से मिली हुई रहे कि जिस में **प्रकाश्य**
त खड्गम् रिकवरसोर्ड की स्थिति प्राप्त हो जावे इस के बाद
तृतीय **क्रिया आज्ञान्** के द्वारा कलाई और केहुनी को दक्षिण
कटि के बराबर पंक्ति में लाओ केहुनी पीछे की ओर रहे और
बांह उत्तमा विस्तृत रहना चाहिये कि जिस में वह सुगमता पूर्वक
रहे हस्त खड्ग को मृदुता पूर्वक पकड़े रहे परंतु अंगुलियों को
खींच कर प्रबल रूप से पकड़ने को तज रहे और अब खड्ग
का ऊपरला पासा दक्षिण स्कंध के निम्नस्थान में होगा धार साम्ने
की ओर होगी कि जिस में **तोलयत खड्गम् केरी सोर्ड**
की स्थिति प्राप्त हो जावे ज्यों ही तलवार निकाली जाती है त्यों ही
वाम हस्त **सावधान: अटेन्शन्** की स्थिति पर आप जा
ता है खड्ग के निकासन और प्रवेशन की द्वितीय और तृतीय
क्रियाओं के वास्ते यदि **द्वे टू** अर्थात् दो और **त्रीणि थ्री** अ-
र्थात् तीन ये शब्द कहे जावें तो यह प्रकार अभ्यास के वा
स्ते उत्तम होगा ॥

वक्रं खड्गम्

स्लोप सोर्ड

अर्थात् तलवार तिर्छी करो

इस आज्ञा पर हाथ को सामने केहुनी के बराबर लाओ केहुनी श-
रीर से मिली हुई रहे खड्ग कांधे पर रहे धार सामने की ओर रहे

प्रवेशयत खड्गम्

रिटर्न सोर्ड

अर्थात् तलवार मियान में रक्खो

जावें तब उन को खड्ग ले के उस के प्रबल और दुर्बल भाग से परिचित होना चाहिये खड्ग का प्रबल अर्द्धभाग वह है जोकि मुठिया की ओर रहता है दुर्बल अर्द्ध भाग वह है जो कि नोक की ओर रहता है **प्रहार कट** करने अथवा रोकने के वास्ते इन भेदों का ज्ञान बहुत आवश्यक है क्यों कि ये बातें उन के उचित प्रयोग के आधीन हैं मुठिया से ऊपर की ओर शत्रु के फल को रोकने के वास्ते रक्षण बल क्रमशः घटता है क्यों कि **प्रहार कट** नोक की ओर से होता है और प्रहार करने में नोक से नीचे की ओर यह बढ़ता है खड्ग के प्रबल भाग को चाहिये कि शत्रु के शस्त्र के दुर्बल भाग को प्राप्त करे और **प्रहार कट** नोक के आठ इंच के भीतर से देना चाहिये कि जिस में खड्ग आप निकल आवे **प्रहार कट** करने में यह बात लाभ कारक होती है कि खड्ग का प्रबल भाग शत्रु के दुर्बल भाग से टक्कर खावे कि जिस में उस का रक्षण दब जावें ॥

खड्ग निष्कासयत

ड्रा सोर्ड्स्

अर्थात तलवारें निकालो

इस आज्ञा पर बायें हाथ से खड्ग के मियान को ठीक २ मुठिया के नीचे पकड़ो और तब उस को कटि की उचाई के बराबर ऊंची करो तिस के बाद फट पट दहिने हस्त को शरीर के पास लाकर मुठिया को पकड़ो और उसी समय उस को पीछे की ओर फेरदो और उस हस्त को केहुनि की उचाई के बराबर ऊचा करो बांह शरीर से लगी रहे इस के बाद दूसरी क्रिया मोशन् के द्वारा हस्त के विस्तार से मियान में से खड्ग को निकालो यार पीछे की ओर रहे और तब उस हस्त को तब तक

नीचे करो कि जब तक मुठिया ठीक २ ठुड्डी के नीचे न होवे फल
लंब रूप से रहे धार बाईं ओर रहे अंगुठा मुठिया के पार्श्व पर
फैला रहे केहुनी शरीर से मिली हुई रहे कि जिस में **प्रकाशय**
न खड्गम् रिकवरसोर्ड की स्थिति प्राप्त हो जावे इस के बाद
तृतीय **क्रिया मोशन्** के द्वारा कलाई और केहुनी को दक्षिण
कटि के बराबर पंक्ति में लाओ केहुनी पीछे की ओर रहे और
बांह उत्तम विस्तृत रहना चाहिये कि जिस में वह सुगमता पूर्वक
रहे हस्त खड्ग को मृदुता पूर्वक पकड़े रहे परंतु अंगुलियों को
खींच कर प्रबल रूप से पकड़ने को तज रहे और अब खड्ग
का ऊपरला पासा दक्षिण स्कंध के निम्नस्थान में होगा धार सामने
की ओर होगी कि जिस में **तोलयत खड्गम् केरीसोर्ड**
की स्थिति प्राप्त हो जावे ज्यों ही तलवार निकाली जाती है त्यों ही
वाम हस्त **सावधानः अटेन्शन्** की स्थिति पर आप जा
ता है खड्ग के निकासन और प्रवेशन की द्वितीय और तृतीय
क्रियाओं के वास्ते यदि **हे टू** अर्थात् दो और **त्रीणि थ्री** अ-
र्थात् तीन ये शब्द कहे जावें तो यह प्रकार अभ्यास के वा-
स्ते उत्तम होगा॥

वक्र खड्गम्
स्लोप सोर्ड
अर्थात् तलवार तिर्छी करो

इस आज्ञा पर हाथ को सामने केहुनी के बराबर लाओ केहुनी श-
रीर से मिली हुई रहे खड्ग कांधे पर रहे धार सामने की ओर रहे॥

प्रवेशयत खड्गम्
रिटर्न सोर्ड
अर्थात् तलवार मियान में रक्खो

इस आज्ञा पर मुठिया को वामस्कंध के निम्न स्थल पर लाओ वाम हस्त से पूर्ववत मियान को उठाओ फल लंब रूप से रहे हस्त का पृष्ठ भाग सामने की ओर रहे इस के बाद कलाई को झट पट फेर के वा नोक को मियान में रक्खो और तब धार को पीछे की ओर तब तक फेरो कि जब तक हस्त और केहुनी शरीर के बाहर एक रेखा में बराबर न होवें तिस के बाद द्वितीय क्रिया के द्वारा खड्ग को मियान में पुनः स्थापन करो हस्त मुठिया पर रहे तृतीय **क्रिया मोशन** के द्वारा हस्त **सावधानाः अटेन्** शन् की स्थिति पर पीछे लाये जाते हैं ॥

खड्गम् निष्कासयत

ड्रा सोर्ड

अर्थात् तलवार को निकालो

इस आज्ञा पर पूर्वोक्त प्रकार से काम करना चाहिये ॥

वक्र खड्गम्

स्लोपसोर्ड

अर्थात् तलवार को तिर्छी करो

इस आज्ञा पर भी पूर्वोक्त प्रकार से काम करना चाहिये ॥

संतिष्ठत्

स्टैंड्एटईज़

अर्थात् आराम से खड़े हो ॥

इस आज्ञा पर यदि वे लोग संश्लिष्टक्रम क्लोज आर्डर में होवें तो तलवार **वक्रम् स्लोप** की जगह पर रहेगी यदि विस्तृतक्रम में होवे तो हस्त एकत्र लाये जाते हैं बांया हाथ दहिने को आच्छे रहता है तलवार का पृष्ठ भाग बांई बाहु के भितरी ओर रहता है दोनो क्रम अर्थात संश्लिष्ट और विस्तृत क्रमों में दहि

ना कदम पीछे लाया जाता है बायां घुटना नियमानुसार झुका हुआ रहता है ॥

सावधाना:

अटेन्शन्

अर्थात् सावधान हो

इस आज्ञा पर **वक्र खड्गम् स्लोप सोर्ड** की स्थिति पर लाओ ॥

खड्गाभ्यासार्थं सज्जन

प्रिपेअर फार सोर्ड एकसर्साइज

अर्थात् तलवार की कवाइद के वास्ते तैयार हो

इस आज्ञा पर शरीर और पैरों को **प्रथम स्थितिः फर्स्ट पोजिशन्** पर फेरो बायां हस्त कटि पर इस तरह से रक्खो कि जिस में अंगुष्ठ पीछे की ओर रहे ॥

द्वितीय चित्र देखो

दक्षेऽन्तरम् शोधयत

राइटइन्वर्ड प्रेसटेनस्

अर्थात् दहिनी ओर, अंतर को शुद्ध करो ॥

इस आज्ञा पर **प्रकाशांत खड्गम् रिकुवर सोर्ड** करो तर्जनी अंगुली और अंगुष्ठ मुठिआ के बराबर विस्तृत रहें अंगुष्ठ पृष्ठ भाग पर रहे मुठिआका प्रान्त तली में रहे और तब द्वितीय क्रिया के द्वारा बांह को दहिनी ओर फैलाओ और खड्ग को कंधे के बराबर समान दिशा में नीचे करो धार पीछे की ओर रहे बायां स्कंध सामने की ओर बराबर रहे ॥

इस शिक्षा में और इस के सेवाय और शिक्षाओं में भी जहां कि द्वितीय क्रिया अपेक्षित होती है वहां टू अर्थात् दो

यह शब्द तब तक अवश्य देना चाहिये कि जब किसी इशारा देने वाले मनुष्य के द्वारा अभ्यास न होवे।

वक्रम् खड्गम्

स्लोप सोर्ड

अर्थात् तलवार तिर्छी करो

इस आज्ञा पर पूर्वोक्त प्रकार से काम करना चाहिये ॥

सम्मुखेऽन्तरशोधयत

फ्रएट यूव डिसटेनस्

अर्थात् सामने की ओर अंतर को शुद्ध करो

इस आज्ञा पर तलवार को पूर्ववत उठाओ जिस के बाद द्वितीय क्रिया के द्वारा **तृतीयस्थितिः थर्ड पोजिशन्** अर्थात् तृतीय स्थिति पर कदम बढ़ाओ बाहु को फैलाओ जिस के बाद खड्ग के प्रान्त को चांदमारी के केंद्र की ओर नीचे करो धार दहिनी ओर रहे ॥

तृतीय चित्र देखो

वक्रम् खड्गम्

स्लोप सोर्ड

अर्थात् तलवार तिर्छी करो

इस आज्ञा पर पूर्वोक्त प्रकार से काम करना उचित है

आक्रमत

एसालट

अर्थात् आक्रमण करो

इस आज्ञा पर बाहु को सामने की ओर उठाओ कलाई प्रथम संख्या के सामने रहे केहुनी गोलाकार चित्र के केंद्र की ओर अधिक झुकी रहे खड्ग का पृष्ठ नोक के निकट कंधे पर रहे

पलटिये

एकम वन एक	**एकम् वन्** अर्थात् एक की आज्ञा पर बाड़ को फैला के जिस तरह चित्र में प्रथम संख्या से चतुर्थ संख्या की ओर दिखलाया है उसी तरह दहिनी ओर से बाईं ओर के तिर्यग दिशा में सामने की ओर **प्रहार कट** करो और ज्यों ही नोक मंडल से बाहर हो जावें त्योंही अंगुलिपर्वों को ऊपर की ओर फेर के तलवार को बराबर इस तरह लेते आओ कि जिस में उसका नोक वामे कंधे के पीछे की ओर हो कर उसी जगह पर वह ठहरे धार बाईं ओर झुकी रहे कलाई द्वितीय संख्या के सामने रहे ॥
दे टू दो	**दे-टू**-अर्थात् दो की आज्ञा पर द्वितीय संख्या से तृतीय संख्या की ओर **प्रहार कट** करो और कलाई को इस तरह फेरो कि जिस में तलवार तब तक चली जावे कि जब तक नोक दक्षिण कटि के नीचे न आवे धार नीचे की ओर रहे केहुनी भीतर की ओर झुकी रहे कलाई द्वितीय संख्याक की ओर रहे ॥
त्रीणि थ्री तीन	**त्रीणि थ्री** अर्थात् तीन की आज्ञा पर तिर्यग रूप से ऊपर की ओर तृतीय संख्या से द्वितीय संख्या की ओर **प्रहार कट** करो और कलाई को तब तक बराबर ले जाओ कि जब तक खड्ग का नोक वाम कटि के नीचे न आ जावे धार नीचे की ओर हो वे केहुनी झुकी और उठी हुई होवे कलाई प्रथम संख्याक की ओर होवे ॥

चतुर्थ फोर चार — **चत्वारि फोर** अर्थात् चार की आज्ञा पर तिर्यग रूप से ऊपर को चतुर्थ संख्या से प्रथम संख्या की ओर **प्रहार** कट करो और अंगुलिपर्वों को नीचे की ओर फेरो खड्ग की धार दहिनी ओर होवे और नोक दहिने कंधे के ऊपर पीछे को रहे केहुनी झुकी हुई और कलाई पंचम संख्या की ओर होवे॥

पंच फाइव पांच — **पंच फाइव** अर्थात् पांच की आज्ञा पर पंचम संख्या से षष्ट संख्या की ओर समान रूप से **प्रहार** कट करो और अंगुलिपर्वों को ऊपर की ओर फेरो खड्ग की धार बाईं ओर होवे नोक बायें कंधे के ऊपर पीछे की ओर होवे केहुनी झुकी हुई और कलाई षष्ट संख्या की ओर रहे॥

षट सिक्स छ — **षट सिक्स** अर्थात् छ की आज्ञा पर षष्ट संख्या (सप्तम संख्या) की ओर समान रूप से **प्रहार** कट करो और उस हस्त को सप्तम संख्या की दिशा की ओर लाओ खड्ग उसी रेखा में सिर के ऊपर रहे नोक पीछे की ओर नीचे रहे धार ऊपर की ओर रहे॥

सप्तम सेविन् सात — **सप्तम सेविन्** अर्थात् सात की आज्ञा पर सप्तम संख्या से उस मंडल के केंद्र की ओर ऊर्ध्वाधर रूप से नीचे की ओर **प्रहार** कट करो और बाहु को फैलाये हुए रहो अंगुष्ठ मुठिया के पृष्ठ भाग पर रहे और बायां कंधा पीछे की ओर अच्छी तरह दबा हुवा रहे॥

प्रथम वेधनम
फर्स्ट पाइन्ट

अर्थात् पहिला हूल मारो

इस आज्ञा पर तलवार के धार को दहिनी ओर ऊपर फेरो और कलाई को दक्षिण नेत्र के सामने ऊपर भीतर की ओर खींचो कलाई अच्छी तरह झुकी और उठी हुई होवे बांया कंधा थोडा सा आगे लाओ छाती भीतर की ओर रहे ॥

हे टू दो — **हे टू** अर्थात् दो की आज्ञा पर बाहु को फैलाओ और चांदमारी के केंद्र की दिशा में झट पट सामने की **वेथन फाइनट** करो कलाई उठी हुई और प्रथम संख्या की ओर झुकी हुई होवे बांया कंधा पीछे की ओर इस तरह दबा हुवा होवे कि जिसमें दहिना कंधा आगे की ओर बढ़ जावे क्योंकि इसी के द्वारा अधोलिखित द्वितीय और तृतीय **वेथन पाइनट** बराबर किये जाते हैं ॥

द्वितीयवेथनम्

सेकन्ड पाइन्ट

अर्थात् दूसरा हूल मारो

इस आज्ञा पर धार को बाईं ओर ऊपर फेरो और केहुनी को भीतर की ओर खींच के शरीर से लाओ कलाई इस के ऊपर इतनी ऊंची उठाओ कि जिस में छाती के बराबर सामने होवे अंगुठा मुठिआ के दहिनी ओर होवे ॥

हे टू दो — **हे टू** अर्थात् दो की आज्ञा पर पूर्वोक्त प्रकार से **वेथन पाइनट** करो कलाई उठी हुई और द्वितीय संख्या की ओर झुकी हुई होवे धार उठी हुई अंगुलियें नीचे की ओर होवें ॥

तृतीय वेधनम्

थर्ड पाइन्ट

अर्थात् तीसरा हूल मारो

इस आज्ञा पर बाहु को भीतर की ओर तब तक खींचो कि जब तक कलाई कटि के ऊपर भाग को न स्पर्श करे अंगुठा मुठिआ के बाईं ओर होवे धार उठी हुई दहिने को रहे बायां कंधा आगे को निकला हुआ और कटि पीछे को दबी हुई होवें ॥

हे-टू-दो { **वे**-टू- अर्थात् दो की आज्ञा पर चांदमारी में निर्दिष्ट दिशा की ओर **वेधन** पाइन्ट करो और कलाई को केंद्र की ओर उठाओ ॥

अवन

डिफेन्ड

अर्थात् बचाव करो

इस आज्ञा पर धार को बाईं ओर फेर के **प्रथम रक्षण फर्स्ट गार्ड** करो अंगुठा मुठिम को पकडे हुये रहे केहुनी को भीतर खींच कर शरीर से मिलाओ कलाई सामने की ओर रहे और तलवार को चिह्नित तिर्यग रेखा के सामने उस तरह रक्खो जैसा कि चांदमारी में **प्रथम रक्षण फर्स्टगार्ड** के निमित्त मुठिआ युक्त तलवार से दिखलाया गया है इस में और अग्रिम रक्षण अर्थात् जो द्वितीय तृतीय प्रभृति रक्षण गार्ड से द्योतित हैं उन में प्रान्त सामने की ओर अधिक बढा हुआ होता है बायां कंधा बाईं ओर के

रक्षणों में अच्छीतरह पीछे रहना है और दक्षिण ओर के रक्ष-णों में और इसी तरह सप्तम रक्षण सेविन्थगार्ड और अरक्षण पेरी में भी वह कंधा अधिक आगे की ओर लाया-जाता है ॥

द्वितीयम्
सेकन्ड
अर्थात् दूसरा रक्षण करो

इस आज्ञा पर कलाई को फेरो अंगुलिपर्व ऊपर की ओर रहें खड्ग की धार दहिनी ओर रहे और खड्ग को इस तरह स्थापन करो कि जिस में वह **द्वितीय रक्षण सेकन्डगार्ड** देखिए तिर्यग् रेखा प्रभृति के सामने होवे ॥

तृतीयम्
थर्ड
अर्थात् तीसरा रक्षण करो

इस आज्ञा पर कलाई को फेरो धार बांई ओर कंधे की उंचाई के लग भग के बराबर ऊंची रहे नोक दहिनी ओर नीचे रहे खड्ग की स्थिति प्रभृति **तृतीय रक्षण थर्ड गार्ड** की तरह रहे ॥

चतुर्थम्
फोर्थ
अर्थात् चौथा रक्षण करो

इस आज्ञा पर केहुनी को उठाओ कलाई और धार को दहिनी ओर फेरो नोक बांई ओर होवे खड्ग प्रभृति की स्थिति **चतुर्थ रक्षण फ़ोर्थ गार्ड** की तरह होवे ॥

पंचम

फिफथ्

अर्थात् पांचवां रक्षण करो

इस आज्ञा पर धार को बाईं ओर फेरो कलाई शरीर के सम्मुख बाईं ओर कंधे के बराबर ऊंची रहे खड्ग उस लंब रूप रेखा के सामने होवे जो कि उठिआ युक्त हो के पंचम रक्षण फिफथगार्ड द्योतन करनी है ॥

षष्ठम्

सिक्स्थ

अर्थात् छठवां रक्षण करो

इस आज्ञा पर कलाई को झुका के धार को दहिनी ओर इस तरह फेरो कि जिस में तलवार उस लंब रूप रेखा प्रभृति के सामने होवे जिस से कि षष्ठ रक्षण सिक्स्थगार्ड द्योतित होता है ॥

सप्तमम्

सेविन्थ

अर्थात् सातवां रक्षण करो

इस आज्ञा पर कलाई को ऊपर उठाओ और दक्षिण कांधके आगे करो केहुनी ऊपर और पीछे की ओर अच्छी तरह दबी हुई होवे तलवार उस तरह रहे जैसा कि सप्तम रक्षण सेविन्थ गार्ड में दिखलाया गया है ॥

अरक्षत

पेरी

अर्थात् हूल बचाओ ॥

इस आज्ञा पर कलाई को प्रायः दहिनी कंधे के साथ मिली हुये नीचे करो धार दहिनी ओर रहे कटि पीछे की ओर दबी हुई

होवे और खड्ग की अंगुलियां प्रथम संख्या के सामने रहे ॥

दो रुह कैडे — इस आज्ञा पर कलाई को इस तरह फेरो कि जिस में नो कलाई और पीछे होवे और शरीर के बांई ओर से दहिनी ओर को एक मण्डल करके अपनी प्राथमिक स्थिति को ग्रहण करो ॥

वक्रं खड्गम्

स्लोप सोर्ड्स्

अर्थात् कंधे पर तिर्छी तलवार करो

इस आज्ञा पर पूर्वोक्त प्रकार से काम करना उचित है ॥

सातो प्रहार कट और तीनों वेधन पाइनट का वर्त्तमान प्रकार से भी अभ्यास करना चाहिये आक्रमन एसाल्ट अर्थात् आक्रमण करो की आज्ञा पर वे बिना परस्पर किसी वास्तविक अवसान के नियमित क्रम में मिलाये जाते हैं और कलाई के सामयिक और उचित परिवर्तन के द्वारा प्रहार कट परस्पर मिलाये जाते हैं प्रहार कट प्रबल रूप से देना चाहिये और आगे की ओर रहे कलाई सम्भवानुसार सामने की ओर रहे और फिरने में दूसरे प्रहार के वास्ते तैयार रहे और पीछे की ओर प्राय: उसी रेखा में खींची हुई होवें बांह थोड़ी सी झुकी हुई होवे कि जिस में कलाई स्वतंत्रता पूर्वक अपना व्यापार कर सके केहुनी और कंधा प्रहार देने के वास्ते बल देते हैं इस वास्ते इन को इस क्रिया में अत्यंत बढ़ना चाहिये जब कभी नवीन सिपाही आक्रमण करने की अवस्था में तलवार चलाने में भूल जावे तब उस को मिला के स-

भ्यास करें और उन को कई वार दोहराया करे और इसी तरह **द्वितीया टू** और **तृतीया थ्री** को और **पंचथा फाइव** और **षष्ठथा सिक्स** को भी मिला के करे परंतु इस बात में सावधानता रखनी चाहिये कि धार चांद मारी की रेखाओं के सापेक्ष होवे और कलाई प्रत्येक **प्रहार कट** के करने में केंद्र की ओर चले ॥

नवीन सिपाही को अब भी चांद मारी के सम्मुख खड़ा करा के तीनो **युद्धरक्षण** ऐंड्र गेजिङ्ग गार्ड सिखलाना चाहिये **प्रहार कट** और **रक्षण गार्ड** को सापेक्ष रूप से मिला के अभ्यास करना चाहिये कि जिस में प्रत्येक **प्रहार कट** के वास्ते उसके मन में **रक्षण गार्ड** अच्छी तरह बैठ जावे प्रहार और वेधन कलाई के द्वारा सामने की ओर बांह के पूर्ण विस्तार से किये जाते हैं

और **तृतीयस्थिति:** थर्ड पोजिशन् में प्रत्येक **प्रहार कट** मंडल के केंद्र से बढ़ के न देना चाहिये **रक्षण गार्ड** और **प्ररक्षण पेरी प्रथम स्थिति:** फर्स्ट पोजिशन् में करना चाहिये कि जिस में प्रत्येक वेधन के वास्ते तैयार रहे ॥

रक्षन
गार्ड
अर्थात् बचाओ

इस आज्ञा पर बांह को चांदमारी के केंद्र की ओर बढ़ा के खड्ग के नोक को बढ़ाओ धार नीचे की ओर रहे तिसके बाद विराम के बिना शरीर को झुका के छाती और गले को

हङ्गन
गार्ड
अर्थात बचाओ

अंतःरक्षन
इन्साइड् गार्ड
अर्थात भीतर बचाओ

बहिःरक्षन
ऑट् साइड् गार्ड
अर्थात् बाहर बचाओ

भीतर की ओर खींचो और बायें कंधे को किंचित आगे की
ओर लाओ और झट पट कदम बढ़ा के **द्वितीय स्थिति**
सेकन्ड पोजिशन् पर आओ केहुनी झुकी और उठी हु-
ई इस तरह होवे कि जिसमें वह हस्त प्रायः दक्षिण पादके
ऊपर होवे और खड्ग की धारा ऊपर की ओर फिरी हुई हो
वे नोक नीचे रहे और बांई ओर झुकी हुई होवे खड्ग औ
र बांह के द्वारा जो कोण बना हुआ है उस में से चांदमारी
स्पष्ट रूप से देख पड़ती रहे मुठिया प्रथम संख्या की ओ
र झुकी होवे नोक चतुर्थ संख्या के बांई ओर नीचे रहे॥

अंतः रक्षण
इनसाइडगार्ड
अर्थात भितरी ओर बचाओ

इस आज्ञा पर कलाई को नीचे करके सिर और शरीर को
उठाओ अंगुलि पर्व नीचे और पाद के ऊपर रहे खड्ग की
नोक सामने रहे धार बांई ओर रहे हस्त कलाई के बरा-
बर नीचे परंतु थोड़ा ऊपर और कटि के सामने रहे और
इसी समय **एकाक्रमणम् सिंगिल्अटैक्** अर्थात
एकाक्रमण करो इसमें कलाई चतुर्थ संख्या की ओर और
नोक प्रथम संख्या की ओर झुकती है॥

बहिः रक्षण
औटसाइडगार्ड
अर्थात बाहरी ओर बचाओ

इस आज्ञा पर अंगुलिपर्वों को ऊपर करके कलाई को

फेरो खड्ग की धारा दहिनी ओर रहे और फिर **एकाक्रमणम्** **सिंगिल् अटाक्** करो इसमें हस्त तृतीय संख्या की ओर नोक द्वितीय संख्या की ओर झुकी रहे ॥

एकधा प्रहरत **कट वन्** अर्थात् एकवार करो	इस आज्ञा पर एकवार काटो और **तृतीय स्थितिः थर्ड पोजिशन्** पर आओ ॥
प्रथम रक्षणम् **फर्स्ट गार्ड** अर्थात् पहिला रक्षणकरो	इस आज्ञा पर प्रथम रक्षण करो और **प्रथम स्थिति फर्स्ट पोजिशन्** पर आओ ॥
द्विधा प्रहरत **कट टू** अर्थात् दूसरी वारकाटो	इस आज्ञा पर दूसरी वार काटो और **तृतीय स्थितिः थर्ड पोजिशन्** पर आओ ॥
द्वितीय रक्षणम् **सेकन्ड गार्ड** अर्थात् दूसरा रक्षणकरो	इस आज्ञा पर द्वितीय रक्षण करो और **प्रथम स्थितिः फर्स्ट** पोजिशन् पर आओ ॥
त्रिधा प्रहरत् **कट थ्री** अर्थात् तीसरी वार काटो	इस आज्ञा पर तीसरी वार काटो और **तृतीय स्थितिः थर्ड पोजिशन्** पर आओ ॥
तृतीय रक्षणम् **थर्ड गार्ड** अर्थात् तीसरा रक्षणकरो	इस आज्ञा पर तीसरा रक्षण करो और **प्रथम स्थितिः फर्स्ट पोजिन्** पर आओ ॥
चतुर्धा प्रहरत **कट फोर** अर्थात् चौथीवार काटो	इस आज्ञा पर चौथी वार काटो और **तृतीय स्थितिः फर्स्ट फोजिशन्** पर आओ ॥

चतुर्थ रक्षणम् फोर्थ गार्ड अर्थात् चौथा रक्षण करो	इस आज्ञा पर चौथा रक्षण करो और **प्रथम स्थितिः** फर्स्ट् पोजिशान् पर आओ॥
पंचधा प्रहरत कट फाइव अर्थात् पांचई वार काटो	इस आज्ञा पर पांचई वार काटो और **तृतीय स्थितिः** थर्ड पोजिशान् पर आओ॥
पंचम रक्षणम् फिफथ् गार्ड अर्थात् पांचवां रक्षण करो	इस आज्ञा पर पांचवां रक्षण करो और **प्रथम स्थितिः** फर्स्ट् पोजिशान् पर आओ॥
षड्धा प्रहरत कट सिक्स अर्थात् छटई वार काटो	इस आज्ञा पर छटई वार काटो और **तृतीय स्थितिः** थर्ड पोजिशान् पर आओ॥
षष्ठ रक्षणम् सिक्सथ् गार्ड अर्थात् छठवां रक्षण करो	इस आज्ञा पर छठवां रक्षण करो और **प्रथम स्थितिः** फर्सट पोशिन् पर आओ॥
सप्तधा प्रहरत कट सेविन् अर्थात् सातवीं वार काटो	इस आज्ञा पर सातवीं वार काटो और **तृतीय स्थिति** थर्ड पोजिशन् पर आओ॥
सप्तम रक्षणम् सेविन्थ् गार्ड अर्थात् सातवां रक्षण करो	इस आज्ञा पर सातवां रक्षण करो और **प्रथम स्थितिः** फर्स्ट् पोजिशान् पर आओ॥
प्रथम वेधनम् फर्स्ट् पाइन्ट अर्थात् पहिली हूल मारो	इस आज्ञा पर **प्रथम स्थितिः** फर्स्ट पोजिशान् में होके **प्रथम वेधने** फर्स्टपाइन्ट के वास्ते तैयार हो॥

हे टू दो	इस आज्ञा पर प्रथम वेथनम् फर्सट पाइनूट अर्थात् प्रथम हूलमारो और तृतीय स्थिति थर्ड पोजिशन् पर आओ ॥
द्वितीय वेथनम् सेकनूड पाइनूट अर्थात् दूसरी हूल मारो	इस आज्ञा पर प्रथम स्थिति: फर्सट पोजिशन् में हो के द्वितीय वेथन सेकनूड पाइनूट अर्थात् दूसरे हूल के वास्ते तैयार हो ॥
हे हू दो	इस आज्ञा पर द्वितीय वेथनम् सेकनूड पाइनूट अर्थात् दूसरा हूल मारो और तृतीय स्थिति थर्ड पोजिशन् पर आओ ॥
तृतीय वेथनम् थर्ड पाइनूट अर्थात् तीसरी हूल मारो	इस आज्ञा पर प्रथम स्थिति फर्सट पोजिशन् में हो के तृतीय वेथन थर्ड पाइनूट अर्थात् तीसरे हूल के वास्ते तैयार हो ॥
हे हू दो	इस आज्ञा पर तृतीय वेथन थर्ड पाइनूट अर्थात् तीसरी हूल मारो और तृतीय स्थिति थर्ड पोजिशन् पर आओ ॥
प्रत्न पेरी अर्थात् हूल बचाओ	इस आज्ञा पर प्रथम स्थिति फर्सट पोजिशन् में हो के प्रत्नाए पेरी अर्थात् हूल बचाने के वास्ते तैयार हो ॥

द्रे-टू- दो **रक्षन-गार्ड** अर्थात् वचाओ	इस आज्ञा पर **प्रत्याघात करो** अर्थात् हूल वचाओ ॥
	इस आज्ञा पर पूर्वोक्त प्रकार से काम करना चाहिये ॥
वर्क स्वॉर्ड **स्लोप स्वोर्ड** तलवार तिर्छी करो	इस आज्ञा पर भी पूर्वोक्त प्रकार से काम करना चाहिये ॥

यहां तक केवल शिक्षाही समझना चाहिये और नवीन सिपाही को इस का यथार्थ क्रम स्मरण रखना कुछ आवश्यक नहीं और जब यह बात निश्चित हो जावे कि वह सिपाही इस विषय को समझता है और यथार्थ रूप से करभी सकता है तब उस को अधोलिखित प्रकरण का परीक्षाभ्यास करने की शिक्षा देनी चाहिये ॥

३-तीसरा प्रकरण

परीक्षाभ्यास रिव्यू अर्थात् असीमा की कवाइद का वर्णन

